# केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सुलभ इंटरनेशनल की 'स्वच्छता सेना' तैनात

■ 412 पर्यावरण मित्र दिन-रात संभाल रहे मोर्चा
■ कूड़े और लीद के खिलाफ छिड़ी जंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुप्तकाशी/रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा में जहां लाखों श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ रही है, वहीं यात्रा मार्ग को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सुलभ इंटरनेशनल ने अभूतपूर्व अभियान छेड़ दिया है।

सीतापुर से लेकर केदारनाथ धाम तक 412 पर्यावरण मित्र चौबीसों घंटे सफाई व्यवस्था संभालते हुए "स्वच्छ यात्रा मिशन" को धरातल पर उतार रहे हैं।




कठिन पहाड़ी रास्तों, भारी भीड़ और लगातार बढ़ते यात्रा दबाव के बीच ये पर्यावरण मित्र यात्रा मार्ग पर फैले कूड़े-कचरे, प्लास्टिक और घोड़े-खच्चरों की लीद के निस्तारण में जुटे हैं। होटल, लॉज और दुकानों से निकलने वाले अपशिष्ट को भी व्यवस्थित ढंग से एकत्र कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है।

सबसे बड़ी चुनौती बने घोड़े-खच्चरों के जैविक अपशिष्ट को पर्यावरण मित्र कट्टों में भरकर चिन्हित डंपिंग प्वाइंट तक पहुंचा रहे हैं। यात्रा का दबाव कम होने के बाद इस अपशिष्ट को सोनप्रयाग स्थित प्लांट तक ले जाकर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जाएगा। वहीं, प्लास्टिक और पॉलीथीन को अलग से एकत्रित कर कॉम्पैक्टर मशीन से बेलिंग कर रिसाइक्लिंग के लिए भेजा जा रहा है।

यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए काकड़ा से केदारनाथ तक 249 आधुनिक स्टील फ्रेम युक्त नि:शुल्क शौचालय स्थापित किए गए हैं। इन सुविधा संपन्न शौचालयों के संच. ालन से हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिल रही है और खुले में गंदगी फैलने पर भी प्रभावी रोक लगी है।

सुलभ इंटरनेशनल के सहायक नियंत्रक एवं यात्रा प्रभारी धनंजय पाठक ने बताया कि संस्था का लक्ष्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि केदारनाथ यात्रा को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाना भी है। उन्होंने कहा कि सुलभ की टीमें लगातार निगरानी करते हुए यात्रा मार्ग पर स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाए हुए हैं, ताकि बाबा केदार की यात्रा स्वच्छता और श्रद्धा का आदर्श बन सके।

# टिहरी पुलिस ने इंटर कॉलेजों में चलाया जन-जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** एसएसपी श्वेता चौबे की पहल पर टिहरी पुलिस का जन-जागरूकता अभियान के तहत जामनीखाल (हिंडोलाखाल) एवं थत्यूड़ इंटर कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक किया गयां।



कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। थाना हिन्डोलाखाल पुलिस द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज जामनीखाल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों, महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान, साइबर अपराधों से बचाव तथा सड़क सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को "गुड टच एवं बैड टच" के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया ताकि वे किसी भी अनुचित गतिविधि की पहचान कर समय रहते सहायता प्राप्त कर सकें।

साइबर सुरक्षा के अंतर्गत ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया हैकिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन एवं साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। थाना थत्यूड़ पुलिस द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज थत्यूड़ में छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर क्राइम, महिला एवं बाल अपराध, नशा मुक्ति अभियान तथा यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया। छात्राओं को बैंक फ्रॉड, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के सुरक्षित उपयोग, फ्रॉड कॉल से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

# तितलियों व पक्षियों का संसार देखना है तो चले आइए देवलसारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** तितली व पक्षियों का संसार देखना है तो चले आइए पर्यटक स्थल देवलसारी। जहां पर्यटकों को विभिन्न प्रजातियों की पक्षियां व रंग-विरंगी तितलियों का दीदार होगा। विभिन्न प्रकार की तितलियों होने के कारण इस स्थान को तितलियों का संसार कहा जाता है। और इसको देखते हुए यहां पर देवलसारी पर्यावरण संरक्षण एवं विकास संस्था की ओर से पिछले सात सालों से यहां पर तितली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी 11 जून ने इस पर्यटक स्थल पर छह दिवसीय तितली महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

टिहरी जिले के चंबा-मसूरी मोटर मार्ग पर पडने वाला पर्यटक देवलसारी जिला मुख्यालय से करीब 80 किमी की दूरी पर स्थित है। घने जंगल के बीच स्थित यह स्थल नैसर्गिक सौंदर्यता से परिपूर्ण है। अपनी जैव विविधता के चलते पर्यटक और प्रकृति प्रेम यहां खिंचे चले आते है। इस स्थान की खूबसूरती व विशेषता को समझते हुए देवलसारी पर्यावरण संरक्षण एवं विकास संस्थान की ओर से वर्ष वर्ष 2019 में इस पर्यटन स्थल पर तितली महोत्सव की शुरूआत की गई थी। इसका उद्देश्य इस पर्यटन स्थल की जैव विविधता तथा नैसर्गिक सौंदर्यता के प्रति पर्यटकों आकर्षित करना था। इस बार 11 जून ने यहां पर भव्य तितली महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है जिसमें देश के विभिन्न हिस्सो से प्रकृति प्रेमी, जाने माने फोटोग्राफर, विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए समिति की ओर से ऑनलाइन प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

# चारधाम यात्रा: उत्तराखंड की वादियों में उमड़ा 'लघु भारत'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चमोली। उत्तराखंड में इन दिनों आस्था और पर्यटन का ऐसा सैलाब उमड़ा है कि राज्य की फिजाओं में समूचा भारत रचा-बसा नजर आ रहा है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद, शुरुआती सुस्ती को पीछे छोड़ते हुए चारधाम यात्रा अब अपने पूरे शबाब पर है। हाल ही में सिखों के पवित्र तीर्थ हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने से श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों की भारी आमद के कारण राज्य के पर्यटन व्यवसाय में भी जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है।

■ पर्यटन कारोबार ने पकड़ी रफ्तार



**जाम के झाम से जूझते शहर:** यात्रा के रफ्तार पकड़ते ही प्रवेश द्वार ऋषिकेश सहित चारधाम यात्रा मार्गों के प्रमुख शहरों में तीर्थयात्रियों और स्थानीय जनता को भारी जाम से दो-चार होना पड़ रहा है। हालात ये हैं कि ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर जहां एक ओर श्रद्धालु कतारों में हैं, वहीं दूसरी ओर रिवर राफ्टिंग के शौकीन साहसिक पर्यटकों का भी बड़ा जमावड़ा लगा हुआ है। इसके अलावा, राज्य के प्रमुख हिल स्टेशन नैनीताल और मसूरी भी पर्यटकों से पूरी तरह पैक हो चुके हैं।

**भविष्य की राह:** विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का भविष्य पूरी तरह से पर्यटन और तीर्थाटन पर टिका हुआ है। ऐसे में बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने, ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए सुविधाओं के विस्तार की सख्त जरूरत है, ताकि देवभूमि की यह आर्थिक तरक्की स्थायी बनी रहे।

**क्यों बनी देवभूमि पर्यटकों की पहली पसंद?**

जानकारों के मुताबिक, कभी पर्यटकों का स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्वी राज्यों में पिछले वर्षों के दौरान रही अशांति व आतंकवादी गतिविधियों के कारण पर्यटकों ने वहां से दूरी बनाई है। इसके चलते अब हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड देश के सबसे पसंदीदा पर्यटन केंद्र बनकर उभरे हैं। बदरीनाथ धाम में देश के हर राज्य से पहुंचे श्रद्धालु इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि यहां अनेकता में एकता का अनूठा दृश्य साकार हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्थानीय युवाओं और व्यवसायियों ने रोजगार के नए साधन विकसित किए हैं। राज्य में बड़े पैमाने पर आलीशान होटल, लॉज और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने वाले शहोम-स्टेश तैयार किए गए हैं, जिससे हजारों परिवारों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है।

## एक नजर ....

### स्थापना दिवस पर रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**कोटद्वार।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कोटद्वार इकाई ने अपना 38वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने बीईएल की प्रगति में उनके अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका को अहम बताया।

उत्तराखंड में स्थित रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स के सार्वजनिक उपक्रम बीईएल का स्थापना दिवस समारोह में बीईएल कॉलोनी परिसर में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन, निदेशक वित्त दामोदर भट्ट ने किया। मुख्य अतिथि मनोज जैन ने कोटद्वार इकाई को असीम संभावनाओं और क्षमताओं से भरा बताया। कहा कि राष्ट्र और बीईएल की प्रगति में इकाई के अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका है। इस मौके पर रेखा बिष्ट और अनुसूया रावत को सम्मानित किया गया।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्णप्रयाग में गरजे कर्मचारी

**चमोली।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में आज जनपद चमोली के कर्णप्रयाग में पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर एक विशाल श्पेंशन हुंकार रैलीश का आयोजन किया गया। नई पेंशन योजना और एकीकृत पेंशन योजना के विरोध में आयोजित इस महारैली में प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित चमोली जनपद के सभी नौ विकासखंडों से आए हजारों शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की।

रैली को संबोधित करते हुए कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि संविधान में निहित लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के तहत सरकारों को कर्मचारियों के बुढ़ापे के सहारे को सुरक्षित करना चाहिए। वक्ताओं ने मांग की कि बाजार आधारित छच्ै और हाल ही में घोषित न्च्ै को तत्काल समाप्त किया जाए और 1 अक्टूबर 2004 के बाद नियुक्त देश और प्रदेश के सभी शासकीय शिक्षकों व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के दायरे में लाया जाए।

### टिहरी पुलिस बनी सहारा, बिछड़े दो बुजुर्गों को परविार से मिलाया

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कैंपटी फॉल घूमने आए हरियाणा के झज्जर निवासी दो बुजुर्ग अपने परिजनों से बिछड़ गए। अपरिचित स्थान एवं भीड़भाड़ के कारण बुजुर्गों के गुम हो जाने से परिजनों में चिंता एवं घबराहट का माहौल बन गया।

परिजनों की ओर से तत्काल इसकी सूचना कोतवाली कैंपटी पुलिस को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही कैंपटी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों, पर्यटन स्थल एवं संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन की तथा सक्रिय प्रयासों के बाद दोनों बुजुर्गों को सकुशल खोज निकाला। पुलिस टीम द्वारा दोनों बुजुर्गों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने परि. जनों को सकुशल पाकर परिवारजनों ने राहत की सांस ली तथा कैंपटी पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता एवं मानवीय कार्यशैली की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अभियान में एचसी अजय कुमार, कांस्टेबल पुष्कर सिंह राणा, अंजलि, निशा आदि शामिल रहे। टिहरी पुलिस लगातार पर्यटकों एवं आमजन की सुरक्षा एवं सहायता हेतु प्रतिबद्ध है।

# फिट इंडिया अभियान के तहत आईटीबीपी की 'संडेज ऑन साइकिल' रैली आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** 12वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) द्वारा फिट इंडिया अभियान के तहत रविवार को 'संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। महानिदेशालय आईटीबीपी एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के तत्वावधान में आयोजित इस साइकिल रैली का उद्देश्य आमजन में स्वास्थ्य, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

महानिदेशालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 12वीं बटालियन के कमांडेंट श्री सचिन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बल के हिमवीरों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। साइकिल रैली के दौरान जवानों ने फिट रहने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



■ भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के हिमवीरों ने दिया फिटनेस का संदेश

बटालियन के नोडल अधिकारी ने बताया कि यह आयोजन आगामी 07 जून 2026 को मनाए जाने वाले "विश्व साइकिल दिवस" की तैयारियों के तहत चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने जानकारी दी कि 07 जून को भी बड़े स्तर पर साइकिल रैली आयोजित की जाएगी, जिसके लिए प्रतिभागियों का ऑनलाइन पंजीकरण एफआईटी इंडिया पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

रैली के समापन पर वरिष्ठ अधिकारियों ने जवानों को दैनिक जीवन में साइकिल चलाने और शारीरिक रूप से फिट रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्रों का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# जीआईसी कोटद्वार में नई पीटीए टीम का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में आयोजित अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बैठक में अभिभावकों और शिक्षकों की सहमति से कृष्ण दर्शन भदोला को पीटीए अध्यक्ष तथा अनूप सिंह नेगी को सचिव चुना गया। इसके अलावा अर्जुन अग्रवाल को उप सचिव और कौशल्या देवी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधानाचार्य मुकेश रावत पदेन उपाध्यक्ष रहेंगे। नई कार्यकारिणी में श्रीशचंद्र तिवारी, सुरभि सचदेवा, कृपाली रावत, निर्मला देवी, सुमन देवी, सरिता देवी, बुद्धि पाल सिंह, सुधीर डंगवाल एवं विजयकांत बलूनी को सदस्य नामित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि विद्यालय लगातार शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। साथ ही विद्यालय के दो शिक्षक और दो विद्यार्थियों का गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होना भी बड़ी उपलब्धि रही। इस अवसर पर हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले अंशिका पाल, आकाश और अंशपाल तथा इंटरमीडिएट में विज्ञान वर्ग के सूरज कुमार, कला वर्ग के हिमांशु कुमार और वाणिज्य वर्ग की छात्रा मोनिका को सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के विकास में योगदान देने पर पूर्व पीटीए अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल को भी सम्मान प्रदान किया गया।

# भट्ट की मधुर वाणी से श्रीराम कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** काशी विश्वनाथ भगवान के परिसर स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वक्ता श्रीराम मानस प्रेमी आचार्य दिवाकर भट्ट ने अपनी मधुर वाणी, भावपूर्ण प्रस्तुति और ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंचे और पूरा परिसर "जय श्रीराम" के उद्घोष से गूंज उठा।



कथा के दौरान आचार्य दिवाकर भट्ट जी ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और सत्य के मार्ग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि राम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को संस्कारित करने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम ने अपने जीवन से समाज को कर्तव्य, प्रेम, भाईचारे और धर्म का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है।

आचार्य भट्ट जी ने कथा में रामायण के रोचक प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि राम नाम का स्मरण मनुष्य के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति का संचार करता है। कथा के दौरान भक्तगण भावविभोर होकर भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए।

पंचम दिवस पर कथा को विशेष गरिमा तब प्राप्त हुई जब आचार्य दिवाकर भट्ट जी के पूज्य गुरुदेव राष्ट्रीय संत डॉ. आचार्य दुर्गेश महाराज जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। गुरुदेव ने अपने आशीर्वचन में कहा कि श्रीराम कथा मानव जीवन को सही दिशा देने वाली दिव्य धारा है, जो समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कारों का संचार करती है। उन्होंने कहा कि जहां राम कथा होती है, वहां सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना स्वत: जागृत हो जाती है।हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। दूर-दूर से पहुंचे भक्त कथा का रसपान कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी शिव प्रसाद मिश्रा द्वारा संभाली जा रही है।

इस अवसर पर राम कथा समिति के अध्यक्ष भूपेश कुड़ियाल, संरक्षक नैन सिंह बिष्ट, पपेन्द्र सिंह नेगी, प्रदीप रावत, राखी राणा, सभासद संतोषी राणा, कविता बुटोला, एकादशी भारती, मनीष राणा, पंचराम राणा, विजेन्द्र नौटियाल, दिनेश गौड़, कनकपाल परमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एलिवेटेड रोड की मांग को लेकर प्रदर्शन 236वें दिन भी जारी

■ धरने को जन चेतना मंच व क्षत्रिय उत्थान संस्था का समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** लालढांग चिल्लरखाल दिन रात आवागमन हेतु एलिवेटेड रोड की वर्षों पुरानी मांग को लेकर 236 वें दिन भी आंदोलन चला। आंदोलन को समर्थन देने जन चेतना मंच एवं क्षत्रिय उत्थान संस्था के शीर्ष पदाधिकारी पहुंचे। उन्होंने आंदोलनकारियों को समर्थन देते हुए उनके क्षेत्र के प्रति प्रेम एवं हौसले को धन्यवाद किया साथ ही प्रतिनिधियों पर जमकर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया कि आखिर क्या कारण है जो कोटद्वार, गढ़वाल की जनता को दिन रात आने जाने के लिए एक आलवरेदर रोड का निर्माण नहीं किया जा रहा है। मदन नेगी ने आरा. ेप लगाया कि बीजेपी के 10 साल के कार्यकाल से पहले इस रोड पर सभी प्रकार के वाहन सुचारू रूप से चलते थे बीजेपी के पूर्व के कार्यकाल में ही इस रोड पर एनजीटी के मानकों को दरकिनार करने और अवैध कार्य पर रोक लगी और अब पूर्व से चलते फिरते कमर्शियल वाहनों पर सुप्रीम कोर्ट में गलत पैरवी करने से प्रतिबंध लगा दिया गया।

आखिर बफर जोन के नोटिफिकेशन की शर्त के अनुसार स्वीकृत 150 कमर्शियल वाहनों को रोका जा रहा है। रविन्द्र सौंद ने कहा कि सांसद अनिल बलूनी को स्पष्ट बताना चाहिए कि वो जनता को दिन रात आवागमन एवं सभी प्रकार के वाहनों के पूर्ण संचालन के लिए सड़क देना चाहते हैं या नहीं। सीईसी अध्यक्ष को अभी भी एलिवेटड सड़क बनाने का प्रतिवे. दन दिया गया कि नहीं। जनता की एकसूत्री मांग एलिवेटेड सड़क है। रेखा नेगी ने कहा कि महिलाएं अपने आगे की पीढ़ियों के लिए दिन रात आवागमन हेतु सड़क लेके ही रहेगी। आंदोलकारियों ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों, भूमाफियाओं, जमीन माफियाओं, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट वालों को फायदा पहुंचाने की मंशा से कार्य कर रही है ताकि गढ़वाल कोटद्वार की जनता उत्तर प्रदेश से जाती रहे, लूटती रहे और उनकी मंशाएं पूरी हो जाएं।

# एक साल से फरार 25 हजारी लेडी डॉन को दून पुलिस ने पकड़ा



**देहरादून।** राजपुर थाना क्षेत्र के जाखन में एक वर्ष पूर्व हुए बहुचर्चित अजय भटेजा हत्याकांड में दून पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत काम कर रही पुलिस टीम ने घटना के बाद से लगातार फरार चल रही 25 हजार रुपये की इनामी महिला आरा. पी हुमेरा उर्फ जोया को सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई अभियुक्ता मुख्य शूटर की प्रेमिका है, जिसने मर्डर की इस पूरी वारदात में अपने प्रेमी का बराबर साथ दिया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस सनसनीखेज हत्याकांड की साजिश मृतक के सौतेले भाई ने ही प्रॉपर्टी विवाद के चलते रची थी।

पुलिस पूछताछ में जोया ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि मृतक अजय भटेजा के सौतेले भाई अमित भटेजा का अजय के साथ जाखन और मसूरी की बेशकीमती प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। अमित ने अजय को रास्ते से हटाने के लिए मुजफ्फरनगर के शातिर अपराधी राजन उर्फ जैकी (जोया का प्रेमी) को सुपारी दी थी। सौदे के तहत हत्या के बदले जाखन स्थित प्रॉपर्टी का आधा हिस्सा राजन को मिलना तय हुआ था।

25 मई 2025 की रात योजना के मुताबिक ये लोग देहरादून आए। अमित ने अजय को अत्यधिक शराब पिलाई ताकि वह नशे में प्रॉपर्टी के कागजात पर दस्तखत कर दे। लेकिन नशे की हालत में भी जब अजय ने कागजात देने में आनाकानी की, तो राजन ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और उसकी छाती पर चढ़कर तकिये से मुंह दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

### मर्डर को सुसाइड दिखाने की थी साजिश

हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए राजन और उसकी प्रेमिका जोया ने अजय के शव को पंखे से टांगने का प्रयास किया, लेकिन भारी होने के कारण वे इसमें नाकाम रहे। इसके बाद पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने सबूत मिटाने के उद्देश्य से पूरे कमरे की सफाई की, शव को चादर ओढ़ाकर बिस्तर पर लेटा दिया और कमरे में लगे सीसीटीवी की डीवीआर तथा कुछ जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए।

### एक साल बाद ऐसे सुलझी मर्डर मिस्ट्री

इस मामले में 26 मई 2025 को मृतक के ममेरे भाई जतिन कुमार (निवासी जीएमएस रोड) की तहरीर पर राजपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ हत्या (धारा 103 बीएनएस) का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने मोबाइल सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए 19 मई 2026 को मुख्य शूटर राजन उर्फ जैकी को गिरफ्तार किया था। राजन से पूछताछ के बाद ही इस हत्याकांड में उसकी प्रेमिका जोया की संलिप्तता उजागर हुई, जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर उसे भी धर दबोचा। पकड़ी गई आरोपी मुजफ्फरनगर के खालापार की रहने वाली है। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता और मृतक का भाई अमित भटेजा अभी भी फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# जन-जन तक पहुंचा आध्यात्मिक जागृति का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



बालावाला में आयोजित हुआ निरंकारी मिशन का कार्यक्रम

**ऋषिकेश।** मानवता, प्रेम और आध्यात्मिक जागृति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रविवार को बांसवाड़ा ग्राउंड बालावाला में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं पूजनीय राजपिता की पावन हुजूरी में समागम सम्पन्न हुआ।

समागम में उपस्थित श्रद्धालु महात्माओं से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने विचारों में जीवन में समदृष्टि, विनम्रता, करुणा और व्यापक सोच को अपनाने का संदेश दिया। कहा कि परमात्मा सत्य है, जो हर समय समान रूप से विद्यमान रहता है। जब मनुष्य अपने जीवन को इस सत्य से जोड़ता है, तब उसके भीतर स्थिरता, शांति और आत्मिक संतुलन का विकास होता है। कहा कि समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, जाति-पाति, भेदभाव और नफरत जैसी संकीर्णताएं मानव द्वारा निर्मित हैं, जबकि संतों एवं भक्तों ने सदैव प्रत्येक प्राणी में परमात्मा का दर्शन करने का संदेश दिया है। मानवता का वास्तविक स्वरूप तभी प्रकट होता है जब व्यक्ति हर इंसान को सम्मान और अपनत्व की दृष्टि से स्वीकार करता है। सदगुरु माता ने प्रवचन में कहा कि जीवन से अहंकार, तुलना और स्वयं को श्रेष्ठ समझने की प्रवृत्ति को त्याग कर विनम्र हो जाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति की अपनी यात्रा और अपने अनुभव होते हैं इसलिए दूसरों का मूल्यांकन करने के बजाय उनके गुणों को पहचानना और उनसे प्रेरणा लेना ही भक्ति मार्ग है।

आत्ममंथन का जिक्र करते हुए कहा कि मनुष्य केवल बाहरी परिस्थितियों या दूसरों की कमियों पर ध्यान केंद्रित न करे, बल्कि अपने भीतर झाँककर स्वयं के सुधार की दिशा में प्रयास करें। जब आत्ममंथन दिल और बुद्धि दोनों से किया जाता है, तभी जीवन में परिवर्तन होता है।

# चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

**काशीपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली काशीपुर पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की नगदी, दस्तावेज, सिगरेट के डिब्बे और चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 23 मई 2026 को शिवनगर कालोनी निवासी ललित पुत्र रामशरण ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 मई की रात अज्ञात चोरों ने उनके खोखे का ताला तोड़कर 4000 नगद, क्लासिक सिगरेट की डिब्बियां और आधार कार्ड चोरी कर लिया। वहीं दूसरी घटना में विधाता मार्बल के पास रहने वाले दीपेश जैन ने 17 मई की रात दुकान का शटर काटकर 6000 नगद, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस चोरी होने की सूचना दी थी। दोनों मामलों में कोतवाली काशीपुर में धारा 305(ए), 331(2) बीएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। गठित की गई पुलिस टीम ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तथा रात्रि चेकिंग के दौरान मानपुर तिराहे के पास से दो संदिग्धों को चोरी में प्रयुक्त लाल रंग के ई-रिक्शा नंबर यूके18 ईआर 6853 सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुमित पुत्र कल्लू निवासी पार्वती कॉलोनी काशीपुर तथा प्रियांशु शर्मा उर्फ जानू पुत्र मनीष शर्मा निवासी मोहल्ला कानूनगोयान काशीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 6200 नगद, 9 क्लासिक सिगरेट के डिब्बे, दो आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, एक पैन कार्ड तथा चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया है। गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिसकर्मी एलएसआई मीना रावत, एसआई कंचन पडालिया, एडिशनल एसआई प्रकाश बोरा, कांस्टेबल जगदीश पपने, कांस्टेबल गौरव सनवाल, एसपीओ माजिद एवं एसपीओ राहुल।

# जोशी ने किया सालावाला के बृजलोक कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



प्रधानमंत्री मोदी के आहवान पर इलैक्ट्रिक स्कूटर से कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 8 सालावाला स्थित बृजलोक कॉलोनी में आरसीसी नाला एवं स्लैब निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने कैबिनेट मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

कैबिनेट मंत्री जोशी आज भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर इलैक्ट्रिक स्कूटर से कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बरसात के दौरान जलभराव एवं जल निकासी की समस्या को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराया गया है।

उन्होंने कहा कि आरसीसी नाला एवं स्लैब निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा स्थानीय निवासियों को आवागमन में भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत सिंचाई विभाग के माध्यम से बृजलों कालोनी में अवशेष नाला पुर्ननिर्माण का कार्य का प्राक्कलन पर स्वीकृति की कार्यवाही गतिमान है, जिसका आंगणन रुपये 441 लाख का है।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, सीवरेज, विद्युत एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके।

इस अवसर पर मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में जनहित के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं और स्थानीय जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। पार्षद भूपेंद्र कठैत ने क्षेत्र में विकास कार्यों की स्वीकृति पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और मेयर का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सालावाला पार्षद भूपेंद्र कठैत, नगर निगम के ईई रजित कोठियाल, डीपी बहुगुणा, कालूराम खत्री, रवि वर्मा, दयाराम थपलियाल, वीरेन्द्र, जगदीश भट्ट, दलवीर चौधरी सहित सैकड़ों कालानीवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### दूसरों की जान बचाने में गंवाए दोनों हाथ

**देहरादून।** मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने ब्रह्मपुरी निवासी दिव्यांग मनीष शर्मा की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। मनीष ने एक वर्ष पूर्व अपनी जान पर खेलकर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ रहे चार बच्चों की जान बचाई थी। इस हादसे में गंभीर रूप से झुलसने के कारण डॉक्टरों को उनके दोनों हाथ काटने पड़े थे, जिससे परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया था।अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे मनीष की पीड़ा को जिलाधिकारी ने बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना। उन्होंने तत्काल राहत पहुंचाते हुए राइफल क्लब फंड से 50 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की, ताकि मनीष अपना कोई स्वरोजगार शुरू कर सकें।जिलाधिकारी ने मनीष के बेटे की शिक्षा का संपूर्ण दायित्व जिला प्रशासन द्वारा वहन किए जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनीष के परिवार को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी और पेंशन योजनाओं से तत्काल जोड़ा जाए, ताकि उन्हें स्थायी रूप से राहत मिल सके। जिला प्रशासन की इस त्वरित और संवेदनशील पहल की स्थानीय जनता ने जमकर सराहना की है।

### पुलिस, सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा

**देहरादून।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2026 रविवार को जनपद में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो गई। परीक्षा को लेकर दून पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के बाद सभी 32 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिसके चलते पूरी परीक्षा प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था चाक-चौबंद रही। परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों को सुरक्षा के कड़े मानकों से गुजरना पड़ा। केंद्रों पर तैनात पुलिस बल द्वारा सभी अभ्यर्थियों की प्रॉपर चेकिंग और फ्रिस्किंग की गई, जिसके बाद ही उन्हें केंद्र के भीतर जाने की अनुमति दी गई। पुलिस टीमों ने परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर होने वाली हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी। अधिकारियों ने खुद विभिन्न परीक्षा केंद्रों का ताबड़तोड़ निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी गई कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बंदरों को पकड़ने का नगर निगम का अभियान जारी



**देहरादून।** पशु चिकित्सा अनुभाग नगर निगम के द्वारा बंदरों की पकड़ने वाली टीम को निर्देशित किया गया था कि वह पार्षद नंदिनी शर्मा के क्षेत्र कृष्ण नगर वार्ड से बंदरों की समस्याओं को समाधान के लिए बंदर पकड़ना सुनिश्चित करेगी टीम के द्वारा 23 एवं 24 को ओएनजीसी कॉलोनी राजेंद्र नगर से पूरे दिन बंदरों को पकड़ने का प्रयास किया गया तथा वहां से तीन बंदर पकड़े गए बंदरों की टीम अभी 2 से 3 दिन और देहरादून में रुकी हुई है तथा जो कंप्लेंट हमारे पास सीएम हेल्पलाइन की अथवा डायरेक्ट अथवा टेलीफोन के माध्यम से अथवा हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से अथवा पार्षद के माध्यम से प्राप्त हुई है उनके निस्तारण के लिए सोमवार से पुन: सुबह से प्रयास करेगी।

# यूजेवीएन लिमिटेड ने लिया सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे का फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



प्रधानमंत्री के ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत संबंधी आह्वान व मुख्यमंत्री के पर्यावरण संरक्षण विजन को बढ़ाया जाएगा आगे: अजय

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग संबंधी आह्वान तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास संबंधी विजन के अनुरूप यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा महत्वपूर्ण पहल करते हुए सप्ताह में एक दिन "नो व्हीकल डे" लागू करने का निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह ने बताया कि निगम के सभी महाप्रबंधकों एवं उपमहाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने नियंत्रणाधीन कार्यालयों में सप्ताह में एक दिन "नो व्हीकल डे" निर्धारित करें। मुख्यालय में यह दिवस शनिवार को रखा जाएगा, जबकि क्षेत्रीय इकाइयों में स्थानीय सुविधा के अनुसार संबंधित अधिकारी दिवस निर्धारित करेंगे। उन्होंने बताया कि ऊर्जा खपत कम करने के उद्देश्य से कार्यालयों एवं सरकारी भवनों में एयर कंडीशनर का उपयोग न्यूनतम तथा केवल आवश्यकता पड़ने पर ही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइकिल से कार्यालय आने-जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा सार्वजनिक परिवहन के अधिकाधिक उपयोग पर भी बल दिया गया है। साथ ही कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग हेतु भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन को बढ़ावा मिल सके। अजय कुमार सिंह ने बताया कि निगम की कैंटीनों में खाद्य पदार्थों के निर्माण में तेल के उपयोग को यथासंभव कम करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त यथासंभव वर्चुअल मीटिंग आयोजित किए जाने, गैर-जरूरी सरकारी खर्चों में कमी लाने तथा विदेश यात्राओं को सीमित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह ने बताया कि कि ऊर्जा संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में पहल करते हुए निगम द्वारा पूर्व में ही मुख्यालय उज्ज्वल एवं यमुना कालोनी स्थित गंगा भवन में 238 किलोवाट के रूफ-टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र एवं सौर-वृक्ष भी स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त डाकपत्थर, ढकरानी, ऋषिकेश तथा हरिद्वार स्थित निगम कार्यालयों में भी 91 किलोवाट के रुफ-टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हैं। इसी के साथ इलैक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग हेतु मुख्यालय उज्ज्वल परिसर में चार्जर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# वन मंत्री के गांव मे गुलदार ने महिला को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** वन मंत्री सुबोध उनियाल के पैतृक गांव औणी में गुलदार ने हमलाकर एक महिला को घायल कर दिया है। घटना शाम करीब छह बजे की बताई जा रही है, जब महिला पड़ोस के घर से दूध लेकर अपने घर वापस लौट रही थी। तब गांव में गदेरे के समीप घात लगागुलदार ने उन पर हमला कर दिया था। पूर्व ग्राम प्रधान औणी गीता देवी ने बताया कि गांव की विनीता देवी (45) पत्नी किशोर कुमार नियमित दिनों की तरह रविवार को भी मेरे घर पर दूध लेने आई थी। वह दूध लेकर वापस अपने घर को लौटी। जहां गांव के समीप गदेरे में घात लगाए गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। और घटना की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों का शोर सुनकर गुलदार भाग गया।

ग्रामीणों ने विनीता देवी को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। ग्रामीण उसे मेडिकल कालेज श्रीनगर के बेस अस्पताल श्रीनगर ले गए। उन्होंने बताया कि घटना करीब शाम छह बजे की है। इस घटना से कुछ घंटे पहले स्वयं मैं उस क्षेत्र में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। पूर्व प्रधान गीता उनियाल ने बताया कि घटना के बाद से गांव में दशहत का माहौल है। कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाय। गांव में उगी झाड़ियों को काटा जाय। घायल को समुचित मुआवजा प्रदान किया जाय। वही गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ महातिम यादव ने बताया कि पौड़ी के औणी गांव में गुलदार ने एक महिला पर हमला किया है। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हुई है।

वन विभाग की टीम मौके पर तैनात कर ली गई है। घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों दे दी गई है। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से दूरभाष पर वार्ता कर गुलदार को आदमखोर घोषित किए जाने का अनुरोध किया गया है।वहीं बेस चिकित्सालय के इंमरजेंसी इंचार्ज डा. मोहित सैनी ने बताया कि गुलदार के हमले से घायल महिला का इलाज बेस चिकित्सालय श्रीकोट में चल रहा है। बताया कि महिला के गले, गर्दन, कान और नाक में बुरे जखम आये हुए है। वहीं ग्रामीण कमल रावत ने बताया कि लगातर हो रही गुलदार की घटना से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से जल्द पिंजरा लगाकर कैद किए जाने की मांग की है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर तैयारियों को अंतिम रूप देने मे जुटी भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**




नितिन नवीन के प्रथम आगमन पर सादगीपूर्ण होंगे सभी कार्यक्रम: चौहान

**देहरादून।** भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का प्रवास कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने कार्यक्रमों के प्रमुखों के साथ बैठक ली है। जिसमें तय किया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम आगमन को पारंपरिक परिधान के माध्यम, उत्साहपूर्वक एवं सादगी से 25 से अधिक स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत से किया जायेगा।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नवीन 28 मई को सायं 4:35 पर देहरादून जौली ग्रांट हाइट हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। जहां से वह सीधे प्रदेश कार्यालय पहुंचकर प्रदेश कार्यालय में 6.15 से कोर कमेटी एवं तत्पश्चात मंत्रियों की बैठक लेंगे। अपने प्रवास के दूसरे दिन में वे प्रात: मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बी. सी खंडूरी के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे एवं शोक संपत परिजनों से मुलाकात करेंगे। उसके बाद वे राजपुर रोड स्थित वेलकम होटल पहुंचकर 11:00 बजे से विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होंगे। जिसमें सबसे पहले सांसद विधायकों के साथ बैठक, उसके बाद दोपहर 2:00 बजे से प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री जिला प्रभारी, सह प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे। इसके उपरांत शाम 4:00 बजे से वह महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुखों के साथ चर्चा करेंगे। सांयकॉल वे मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी एवं प्रदेश प्रवक्ता की बैठक लेंगे।

प्रवास के अंतिम दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष टपकेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर बूथ संख्या 141 के बूथ अध्यक्ष के डकरा, गड़ी कैंट स्थित आवास पर जलपान करेंगे। तत्पश्चात वहां से बूथ समिति 138, दुर्गामल्ल मंडल की बैठक में शामिल होंगे। उसके बाद वे शिवालिक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग सिंहनीवाला में 11:00 बजे से आयोजित प्रबुद्ध गोष्ठी को संबोधित करेंगे। उसके बाद दोपहर 2 बजे से सीएम आवास स्थित मुख्य मुख्य सेवक सदन में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात नबीन सांय 4.35 बजे वे ज्योलीग्रांट एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# रोडवेज बसों के लिए लागू हुआ वन-वे व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** पर्यटन सीजन के दौरान रानीखेत नगर में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से अल्मोड़ा पुलिस ने अभिनव पहल करते हुए रोडवेज बसों के लिए पहली बार वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में शुरू की गई इस व्यवस्था को स्थानीय जनता की वर्षों पुरानी मांग का समाधान माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार रानीखेत नगर में पर्यटक सीजन के दौरान लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से रोडवेज बसों के संचालन हेतु वन-वे व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई जा रही थी। यह मुद्दा एसएसपी के जनता दरबार में भी प्रमुखता से रखा गया था। जनभावनाओं और यातायात व्यवस्था की जरूरत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी चंद्रशेखर घोडके ने संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर इस व्यवस्था को धरातल पर उतारा। कोतवाली रानीखेत पुलिस द्वारा रोडवेज विभाग के साथ तालमेल बनाते हुए आवश्यक पुलिस ड्यूटी लगाकर बसों का संचालन वन-वे रूट से कराया जा रहा है।

**श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति द्वारा संचालित**
**श्री उत्तराखण्ड आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक ( फार्मेसिस्ट ) प्रशिक्षण विद्यालय**
**विद्यापीठ, पोस्ट-विद्यापीठ, जनपद-रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड,**
**पिन कोड-246439 दूरभाष - 7900495745, 8006738938**

**प्रवेश सूचना**

आयुर्वेदिक भैषज्य कल्पक (फार्मेसिस्ट) एवं पंचकर्म सहायक (पंचकर्म टैक्नीशियन) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सत्र 2026-27 भारतीय चिकित्सा परिषद से मान्यता प्राप्त में प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों से प्रबन्धकीय 25+25 सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट www.badrinath-kedarnath.govin से आवेदन-पत्र एवं दिशा निर्देश डाउनलोड कर आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ संस्था के उपरोक्त पते पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से भेजना सुनिश्चित करें। आवेदन हेतु अन्तिम तिथि- 30 जून 2026 है।

**प्रधानाचार्य**

## कार्यालय सहायक अभियन्ता, सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण

पत्रांक : 154 /सिं.उ.ख.गै./निविदा/ गैरसैंण — दिनॉक: 23 / 05 /2026

**निविदा सूचना संख्या:- 02/स०अ०-तृतीय/2026-27**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु अलग-अलग मुहरबन्द निविदायें सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक- 08.06.2026 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की तिथि से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. स. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( रू० में ) | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रू० में ) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| **( अ ) आपदा न्यूनीकरण मद के अन्तर्गत कार्यो का विवरण।** | | | | | |
| 1 | विकासखण्ड गैरसैंण अन्तर्गत ग्राम परवाडी के मैलाणा तोक में आवासीय भवनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | 14500.00 | 3 माह | 500+ 18%GST | ई एवं उच्चतर |
| **( ब ) ''8443'' डिपोजिट मद ( जिला योजना- शिक्षा विभाग ) के अन्तर्गत कार्यो का विवरण।** | | | | | |
| 1 | विकासखण्ड गैरसैंण के रा0उ0प्रा0वि0 सारकोट को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना। | 30000.00 | 4 माह | 1000+ 18%GST | ई एवं उच्चतर |

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम एवं शर्तो का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**सहायक अभियन्ता**
**सिंचाई उपखण्ड गैरसैंण**

## पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में
# कांग्रेस ने निकाली झोटा बुग्गी यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी और लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में यूथ कांग्रेस के संयोजन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंद्राचार्य चौक से शिवमूर्ति तक झोटा बुग्गी यात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा एवं विधायक रवि बहादुर ने कहा कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। पेट्रोल डीजल गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। जिससे जरूरत की तमाम जरूरी चीजें आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रही हैं। महंगाई के कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में हताशा निराशा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में की गयी बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेकर देश की जनता को राहत दे। जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह एवं सोम त्यागी ने कहा कि सरकार पूंजीपतियों की कठपुतली बन गई है। महंगाई पर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। सरकार पूंजीपतियों को लाभ देना बंद करे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी, राजबीर सिंह चौहान एवं रवीश भटीजा ने कहा कि महंगाई के कारण आम जनता को जीवन अस्त व्यस्त है। गरीब निर्धन परिवारों के लिए घर चलना भी मुश्किल हो गया है। बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाया जाए वरना कांग्रेस निरंतर विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री विमला पांडे एवं सुनीता सिंह ने कहा कि महंगाई के कारण महिलाओं के लिए रसोई चलाना भी मुश्किल हो गया है। अरविंद शर्मा एवं सागर बेनीवाल ने कहा कि रोजमर्रा जरूरत की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। बेरोजगारी भी नियंत्रण से बाहर हो रही है। सरकार को उचित कदम उठाते हुए महंगाई को नियंत्रित करे। इस दौरान संजय सैनी ,मेहरबान खान, विकास चंद्रा, राकेश राजपूत, राजेंद्र, सार्थक ठाकुर, वसीम सलमानी, रेखा प्रजापति, अशोक दीवान, कैलाश प्रधान, गौरव चौहान, सागर बेनीवाल, मनोज जाटव, दीपक कोरी, राव मोइन, दिनेश पुंडीर, अरविंद शर्मा, सौरभ सैनी, संजय राणा, राहुल चौहान, जवाहर चावला, मोहित कुकरेजा, शिवम बाल्मीकि, राजू चित्कारा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



# बकरा ईद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए दोनों समुदायों की अहम बैठक, पुलिस ने की शांति की अपील

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आगामी बकरा ईद के त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आ रहा है। त्योहार को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए ज्वालापुर कोतवाली में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के गणमान्य लोग और स्थानीय पार्षद मौजूद रहे।

बैठक के दौरान स्थानीय पार्षदों और लोगों ने बकरा ईद के मौके पर आने वाली अपनी विभिन्न समस्याओं को पुलिस के सामने रखा। उन्होंने त्योहार के दौरान साफ-सफाई, पानी-बिजली की सप्लाई और सुरक्षा व्यवस्था जैसी जरूरी मांगें अधिकारियों के सामने उठाईं। पुलिस अधिकारियों ने सभी समस्याओं को ध्यान से सुना और उनका समय पर समाधान करने का पूरा भरोसा दिया। इसके साथ ही पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत की और त्योहार को बेहद शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। पुलिस ने साफ तौर पर कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी का सहयोग बेहद जरूरी है। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह न फैलाने और शहर में आपसी तालमेल बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर सीओ संजय चौहान ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में वरिष्ठ उपनिरीक्षक हर्ष, स्थानीय पार्षद और दोनों समुदायों के तमाम जिम्मेदार लोगों में मौलाना आरिफ, अखिल, मास्टर साजिद, पार्षद प्रतिनिधि शिवम सोती, पार्षद नोमान पार्षद अहसान अंसारी, पूर्व पार्षद इसरार सलमानी, हाजी जमशैद खान, इरशाद खान, हाजी इरसरार सदर, इंसारी, मंसूर अंसारी आदि उपस्थित रहे, जिन्होंने पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।



## संक्षिप्त खबर

### डूब रहे दो युवकों की एसडीआरएफ टीम ने बचाई जान

**हरिद्वार।** हाथी पुल क्षेत्र में गंगा नदी के तेज बहाव में फंसे दो युवकों को एसडीआरएफ टीम ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए सकुशल रेस्क्यू कर लिया। समय रहते की गई कार्रवाई से दोनों युवकों की जान बच गई। शनिवार को स्नान के दौरान देहरादून निवासी शत्रुघ्न निवास अचानक गंगा के तेज बहाव में बहने लगा और हाथी पुल के नीचे लगी जंजीरों में फंस गया। मौके पर तैनात एसडीआरएफ टीम ने बिना देरी किए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तेज धारा और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद जवानों ने युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू अभियान के दौरान एक अन्य युवक भी डूबने लगा, जिसे एसडीआरएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बचा लिया। एसडीआरएफ की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। अभियान का नेतृत्व टीम कमांडर आशीष त्यागी ने किया। सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि गंगा नदी में केवल चिन्हित और सुरक्षित स्थानों पर ही स्नान करें तथा तेज बहाव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ती हदीसा की सेवा समाप्त

**हरिद्वार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने रुड़की द्वितीय परियोजना के मरगूबपुरदीदाहेड़ी-03 केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती हदीसा की मानदेय सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। निरीक्षण के दौरान केंद्र बंद मिलने, बिना सूचना अनुपस्थित रहने, केंद्र संचालन में अनियमितता, सरकारी धन के दुरुपयोग और लाभार्थियों को योजनाओं से वंचित करने के आरोप पाए गए। विभागीय चेतावनियों और स्पष्टीकरण के बावजूद सुधार न होने पर कार्रवाई की गई।

### 22.59 ग्राम स्मैक समेत नशा तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** बहादराबाद पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 22.59 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू एवं मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। ऑपरेशन प्रहार के तहत आपराधिक तत्वों और नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के एसएसपी के निर्देशों के अनुपालन में थाना स्तर पर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। शनिवार को कोतवाली बहादराबाद पुलिस टीम ने गश्त एवं चेकिंग के दौरान सुमन नगर तिराहे से एक संदिग्ध बाइक सवार को हिरासत में लेकर तलाशी ली उसके कब्जे से स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम अनस पुत्र अनीस निवासी छोटे मदरसे के पास लण्ढौरा बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज करने के साथ बाइक को भी सीज कर दिया है। पुलिस टीम में एसआई प्रवीण बिष्ट, हे.कां. नरविन्दर सिंह, कां. मुकेश नेगी व वीरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

### 17.15 ग्राम स्मैक समेत आरोपी दबोचा

**हरिद्वार।** कोतवाली सिडकुल पुलिस ने स्मैक समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 17.15 ग्राम स्मैक बरामद की गयी है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज करने के साथ पुलिस उससे स्मैक सप्लायर के संबंध में पूछताछ करने में जुट गयी है। एसएसपी के नशा तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस का अभियान लगातार जारी है। मुखबिर खास से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए सिडकुल पुलिस टीम ने ईएसएमई कंपनी के सामने से टांडा भनेड़ा मंगलौर निवासी कफील बेग पुत्र नौशाद को स्मैक समेत दबोच लिया। पुलिस टीम थाना अध्यक्ष अजय शाह, उप निरीक्षक इंद्रजीत सिंह राणा, कांस्टेबल कुलदीप डिमरी व कुलदीप सिंह शामिल रहे।

# श्यामपुर पुलिस ने मकड़ा गैंग 5 सदस्यों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली श्यामपुर पुलिस ने मकड़ा गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गैंग की सोशल मीडिया खंगलाने पर पुलिस को कई आपत्तिजनक वीडियो मिली हैं। ग्राम गाजीवाली क्षेत्र में कुछ युवकों के मोटरसाइकिल एवं कारों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर गैंग के रूप में लड़ाई-झगड़ा एवं हुड़दंग करने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पांच युवकों मोहित पुत्र राजकुमार, देव पुत्र संजीत, सन्नी पुत्र प्रमोद, परवेज पुत्र विद्या रत्न, योगेश शर्मा पुत्र मोहन शर्मा निवासी ग्राम कांगड़ी को पकड़कर धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत हिरासत में ले लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि उक्त युवक अपने वाहनों पर मकड़ा चिन्ह एवं पहचान का प्रयोग कर गैंग के रूप में सक्रिय थे। गैंग की सोशल मीडिया खंगालने पर पुलिस को कई आपत्तिजनक वीडियो भी मिली हैं। शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले गैंग के सदस्यों का थाना स्तर पर रजिस्टर तैयार कर उनकी गतिविधियों पर पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक रविंद्र गोड़, हेडकांस्टेबल विकास भट्ट, बृजमोहन सिंह व कुलदीप सिंह शामिल रहे।




## कबाड़ गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र के रावली महदूद में रविवार सुबह एक कबाड़ के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। बहादराबाद की शिव विहार कॉलोनी निवासी मांगेराम के रावली महदूद में स्थित रविवार गोदाम में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया। सूचना मिलते ही सिडकुल थाना प्रभारी अजय शाह पुलिस टीम के साथ पहुंचे। साथ ही मायापुर और सिडकुल फायर स्टेशन की गाड़ियां भी मौके पर बुलाई गईं। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। इस हादसे में गोदाम के अंदर रखा लाखों रुपये का कबाड़ और अन्य सामान जल गया। राहत की बात यह रही कि किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

# आवारा गोवंश छोड़ने वालों पर नगर निगम सख्त, कानूनी कार्रवाई शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम हरिद्वार ने आवारा गोवंश छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। हाल ही में नगर निगम क्षेत्र के सुभाष घाट पर एक गोवंश आवारा अवस्था में घूमता मिला। जांच के दौरान उसके कान में लगे टैग के आधार पर पशु मालिक की पहचान की गई। स्थलीय जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित व्यक्ति द्वारा गोवंश को खुले में छोड़ दिया गया था, जिसके चलते वह नगर क्षेत्र में आवारा घूम रहा था। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, इस प्रकार पशुओं को सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर छोड़ना श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रहा है। इससे सड़क दुर्घटनाओं और यातायात बाधित होने जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। नगर निगम ने बताया कि उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम-2007 की धारा-7 के अंतर्गत गोवंश को आवारा छोड़ना प्रतिबंधित है, जबकि धारा-11 के तहत ऐसे मामलों में दंडात्मक एवं विधिक कार्रवाई का प्रावधान है। उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी द्वारा संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र भेजा गया है। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि कोई व्यक्ति अपने पशुओं को आवारा छोड़ता पाया गया तो उसके विरुद्ध भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को बांध कर रखें और उन्हें सड़कों, घाटों व सार्वजनिक स्थलों पर खुला न छोड़ें, ताकि शहर की व्यवस्था, यातायात और श्रद्धालुओं की सुरक्षा बनी रहे।

# एनडीआरएफ ने डूब रहे व्यक्ति को निकाला, अस्पताल में मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सप्तऋषि घाट क्षेत्र में रविवार शाम गंगा में डूब रहे एक व्यक्ति को एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, घटना करीब 4:20 बजे श्री गणपति सच्चिदानंद आश्रम और श्री भद्रकाली पीठम के पास हुई। गंगा ड्यूटी पर तैनात एनडीआरएफ की 15वीं वाहिनी की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को नदी से बाहर निकाला और मौके पर सीपीआर भी दिया। करीब 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को गंभीर हालत में मेला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर तिरेपन सिंह ने किया। इस दौरान एनडीआरएफ टीम में नौ सदस्य शामिल रहे।



# भीषण गर्मी से सूखने की कगार पर तालाब, पशुओं के नहाने व कृषि कार्य पर मंडराया संकट

## ग्राम अहमदपुर ग्रंट में भीषण गर्मी के चलते घटा जलस्तर, ग्रामीणों ने की स्थायी समाधन की मांग

विकास सैनी

**बहादराबाद।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तापमान में हो रही बढ़ोतरी का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्रोतों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। विकासखंड बहादराबाद के ग्राम अहमदपुर ग्रंट में स्थित गांव का प्रमुख तालाब इन दिनों सूखने की कगार पर पहुंच गया है। तालाब का जलस्तर लगातार घटने से ग्रामीणों के सामने नई समस्या खड़ी हो गई है। विशेष रूप से पशुओं के नहाने और कृषि कार्यों में उपयोग होने वाला यह तालाब अब पानी की कमी से जूझ रहा है, जिससे पशुपालकों और किसानों की चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में स्थित यह तालाब वर्षों से पशुओं के नहाने तथा कृषि उपयोग के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। गर्मी के मौसम में पशु तेज धूप और बढ़ते तापमान से राहत पाने के लिए तालाब में नहाते हैं, लेकिन इस बार तालाब में पानी काफी कम होने के कारण पशुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी कम होने से पशुओं को पर्याप्त राहत नहीं मिल पा रही, जिससे पशुपालकों को अतिरिक्त व्यवस्थाएं करनी पड़ रही हैं। वहीं, दूसरी ओर, ग्रामीणों का कहना है कि तालाब का पानी कृषि कार्यों में भी सीमित रूप से उपयोग किया जाता है। खेतों में जरूरत पड़ने पर किसान इस पानी का सहारा लेते हैं, लेकिन अब जलस्तर घटने से खेती-किसानी पर भी असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप इसी तरह जारी रहा तो तालाब पूरी तरह सूख सकता है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि समय-समय पर तालाबों के संरक्षण और जल संचयन को लेकर योजनाएं तो बनती हैं, लेकिन धरातल पर पर्याप्त कार्य नहीं होने से हर वर्ष गर्मी के मौसम में ऐसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से तालाब के संरक्षण, गहरीकरण तथा जलभराव की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में पशुओं और किसानों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में जल संकट और बढ़ सकता है, जिसका सीधा असर पशुपालन एवं कृषि गतिविधियों पर पड़ेगा।



## रेलवे स्टेशन के महिला वेटिंग रूम में युवती से बदसलूकी

**हरिद्वार।** हरिद्वार रेलवे स्टेशन के महिला वेटिंग रूम में एक युवती के साथ बदसलूकी व धक्का-मुक्की का मामला सामने आया है। जीआरपी ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झांसी जिले के मऊरानीपुर की रहने वाली निकिता पटेल ने पुलिस को बताया कि वह 9 मई को हरिद्वार से काठगोदाम जाने के लिए महिला वेटिंग रूम में बैठी थीं। इसी बीच दो महिलाएं और दो पुरुष वहां आए और बैठने की बात को लेकर झगड़ा करने लगे। निकिता ने जब कहा कि यह महिला प्रतीक्षालय है, तो वे लोग जबरन बैठ गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। डर के कारण निकिता ने अपने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया, तो आरोपियों ने उनका फोन छीनने की कोशिश की। आरोप है कि एक व्यक्ति ने उनका गला भी दबाया। वहां मौजूद अन्य यात्रियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। जीआरपी थाना प्रभारी बिपिन चंद्र पाठक ने बताया कि मामले की पूरी जांच की जा रही है।

# मन और आत्मा को निर्मल बनाती है श्रीमद् भागवत कथा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्रीगंगा सभा के तत्वावधान में हरकी पैड़ी पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम प्रसंग में कथाव्यास पुण्डरीक गोस्वामी श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और सत्संग का संदेश देते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को धर्म और सत्य के मार्ग पर ले जाने वाली दिव्य गंगा है। जिस प्रकार गंगा का जल मनुष्य के तन को पवित्र करता है, उसी प्रकार भागवत कथा मन और आत्मा को निर्मल बनाती है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान का स्मरण, नाम संकीर्तन और संतों का संग ही मानव जीवन का सबसे बड़ा सहारा है। जो व्यक्ति सच्चे मन से भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण करता है, उसके जीवन के दुख और कष्ट स्वतः दूर होने लगते हैं। कथा विश्राम के अवसर पर उन्होंने भक्तों से आग्रह किया कि केवल कथा सुनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके संदेशों को जीवन में उतारना भी आवश्यक है। गोस्वामी ने बताया कि भागवत हमें प्रेम, करुणा, त्याग और मानव सेवा की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान को पाने का सबसे सरल मार्ग निष्काम भक्ति है। जब मनुष्य अपने अहंकार को त्यागकर प्रभु की शरण में जाता है, तभी उसके जीवन में सच्चा आनंद आता है। श्रीगंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम अवसर पर उपस्थित सभी संतों, श्रद्धालुओं एवं आयोजन से जुड़े सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हरिद्वार की पावन भूमि पर आयोजित इस दिव्य कथा में जिस प्रकार श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति के साथ सहभागिता की, वह अत्यंत प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रहा। उन्होंने विशेष रूप से कथाव्यास पुंडरीक गोस्वामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके श्रीमुख से निकली भागवत कथा ने सभी भक्तों के हृदय को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कथा के माध्यम से समाज को धर्म, संस्कार, प्रेम और मानवता का जो संदेश मिला, वह जीवन को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कथा से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में अपनाएं तथा सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के संरक्षण में योगदान दें। कथा श्रवण करने वालों में श्रीगंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम, सभापति कृष्ण कुमार, उपाध्यक्ष हनुमंत झा, स्वागत मंत्री सिद्वार्थ चक्रपाणि, समाज कल्याण मंत्री विकास प्रधान, उज्जवल पण्डित, प्रचार मंत्री गोपाल प्रधान सहित बड़ी संख्या में श्रद्वालु मौजूद रहे।

# मोक्ष प्रदान करती है श्रीमद् भागवत कथा : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा परम् कल्याणकारी और अक्षण पुण्य फल प्रदान करने वाली कथा है। श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। सिडकुल स्थित दीप ज्योति मंदिर में आयोजित अष्टोत्तरशत श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ के समापन अवसर पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि कथा श्रवण का लाभ तभी है। जब कथा से मिले ज्ञान को आचरण में धारण किया जाए। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कथा आयोजन के लिए मंदिर समिति की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज को गति मिलती है और सभी के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान का अथाह सागर है। जिसे जितना ग्रहण करो। जिज्ञासा उतनी ही बढ़ती जाती है। नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि संतों के सानिध्य में कथा सत्संग से ईश्वरीय कृपा की प्राप्ति होती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजय वालिया ने कहा कि श्रद्धा और विश्वास से भगवान की शरणागत होकर कथा श्रवण करने से परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। कथाव्यास विपिन कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के प्रभाव से अधोगति में पड़े पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। राधेश्याम उपाध्याय, कन्हैया लाल गुप्ता, मुरारी पांडे, अनुज शर्मा, अनिल गोयल सहित मंदिर के समिति पदाधिकारियों व सदस्यों ने सभी संतों और अतिथीयों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।



## बोलेरो कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रोशनाबाद स्थित सरकारी अस्पताल के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, एक नई बोलेरो कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, जिसमें चालक सहित चार लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह टूट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक सुधीर कुमार, निवासी सुभाष नगर, ज्वालापुर, शिवांशु निवासी देवपुरा चौक, राधिका और दीपा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से सभी को मेट्रो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दीपा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में ले लिया है।

# शहर के दो अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटना से हड़कंप

## मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिटी क्षेत्र के रानीपुर व सिडकुल थाना क्षेत्रों में हुई दो अलग-अलग लूट की घटनाओं के बाद पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों में बदमाशों ने राह चलते लोगों को निशाना बनाकर मोबाइल, नकदी और वाहन लूट लिया। वहीं, एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई है।




पहली घटना रानीपुर कोतवाली क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार ज्वालापुर के ब्रज विहार कॉलोनी सीतापुर निवासी सौरव सती शनिवार रात सिडकुल से अपने घर लौट रहे थे। बताया गया है कि जैसे ही वह चिन्मय डिग्री कॉलेज के पास पहुंचे, तभी स्कूटी सवार तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने सौरव को डराकर उनकी स्कूटी संख्या यूके08 एएस 7196, पांच हजार नकद और मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इंस्पेक्टर रानीपुर मनोहर भंडारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रानीपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरी वारदात सिडकुल थाना क्षेत्र के आईएमसी चौक के पास हुई। मध्य प्रदेश के शहडोल निवासी अंगद प्रसाद साहू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सिडकुल स्थित रॉयल साइन प्लास्टिक कंपनी में कार्यरत हैं और वर्तमान में नवोदय नगर में किराये पर रहते हैं। अंगद के मुताबिक 22 मई की रात वह ड्यूटी खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि एक युवक ने उन्हें नीचे गिरा दिया और चाकू दिखाकर उनका मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। एसओ सिडकुल अजय शाह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने डायमंड स्पोर्टस क्लब का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एक्कड़ रोड डांडी चौक के निकट स्थापित डायमंड स्पोर्ट्स क्लब का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में डायमंड स्पोर्ट्स क्लब लोगों को राहत देगा। यहां आकर परिवार एक साथ समय बिता सकेंगे और स्वस्थ गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। हाजी इरफान अंसारी और पूर्व राज्य मंत्री नईम कुरैशी ने कहा कि ज्वालापुर क्षेत्र के निवासियों को अब भरपूर मनोरंजन के साथ खेल का आनंद भी मिलेगा। पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी और राहत अंसारी ने कहा कि इंस्टाग्राम, फेसबुक रील्स पर व्यस्त रहने वाले परिवार क्लब में आकर रोमांचित अनुभव प्राप्त करेंगे। क्लब संचालक फुरकान अंसारी और अब्दुल रहमान ने बताया कि क्लब का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम रील्स जैसे सोशल मीडिया की लत से दूर कर खेल और मनोरंजन की ओर मोड़ना है। उन्होंने कहा कि यहां स्थानीय खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवा, बच्चे और परिवार यहां क्रिकेट, स्विमिंग और अन्य खेलों का आनंद ले सकेंगे। इस अवसर पर राजकुमार, हाजी रियाज अंसारी, फैज आलम, माशूक अंसारी, मंसूर अंसारी, हारून,सैय्यद सुहेल, सैय्यद बुरहान अली, सुबहान अली, सैय्यद गजाली, शहीद पीरजी, अमजद पीरजी, मुस्तकीम, अफजाल अंसारी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# डांडी चौक के समीप जमीन विवाद के बीच खेत के पिलर तोड़े, किसान ने दोबारा कराई घेराबंदी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ब्लॉक बहादराबाद के डांडी गांव स्थित शुक्रासा पुल के पास जमीन विवाद का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया। जानकारी के अनुसार, जगरूप पुत्र महावीर सिंह निवासी पथरी स्टेशन डेरा की भूमि को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। बताया गया कि पूर्व में क्षेत्रीय पटवारी जयवीर सिंह द्वारा जमीन की नपाई कराकर सीमांकन कराया गया था तथा खेत में पिलर भी लगवाए गए थे। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने खेत में लगाए गए पिलरों को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया और खेत में ट्रैक्टर भी चला दिया। रविवार को जब किसान जगरूप अपने खेत पर पहुंचे तो पिलर टूटे मिले, जिसके बाद उन्होंने आसपास के किसानों और ग्रामीणों को मौके पर बुलाकर स्थिति दिखाई। इसके बाद किसान ने मौके पर ही नए पिलर मंगवाकर खेत की दोबारा तारबंदी कराई, ताकि भविष्य में फसल और जमीन को नुकसान से बचाया जा सके। इस दौरान मौके पर नवनीत कुमार, युसूफ खान, आशीष कुमार, रजत शर्मा, इश्तियाक अहमद, युसूफ अली, शहजाद समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# साहिया-क्वानू मार्ग पर फेडूलानी में भीषण अग्निकांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** साहिया-क्वानू मोटर मार्ग पर स्थित फेडूलानी में रविवार शाम को लगी भीषण आग ने दो मंजिला दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी विकराल थी कि दुकान में रखा सारा सामान, जिसमें फ्रिज, गैस सिलेंडर और अन्य जरूरी सामग्री शामिल थी, जलकर पूरी तरह राख हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय दुकान बंद थीं, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार शाम को फेडूलानी के पास स्थित सिविल वन क्षेत्र की झाड़ियों में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास ही स्थित चकराता तहसील अंतर्गत अष्टी गाँव निवासी जवाहर सिंह तोमर की फेडूलानी में दो मंजिला दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय लोगों और वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही दुकानों में रखा कीमती सामान स्वाहा हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और डाकपत्थर से अग्निशमन विभाग का वाहन तुरंत मौके पर पहुंचा। वन क्षेत्राधिकारी मायादत्त पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। वहीं, क्षेत्रीय पटवारी जगतराम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आग के कारणों की जांच की जा रही है। आग बुझाने के कार्य में वन दरोगा शोभा राम, वन आरक्षी सुमन जोशी, मेजर सिंह और शिवराम सहित स्थानीय दुक. ानदारों ने कड़ी मशक्कत की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग के समय दुकानें खुली होतीं, तो स्थिति भयावह हो सकती थी। दुकान बंद होने के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया। फिलहाल प्रशासन नुकसान के आकलन में जुटा है।

## सीएम ने विधायक दीवान बिष्ट की पत्नी आशा बिष्ट के निधन पर जताया शोक

**रामनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट के आवास पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी आशा बिष्ट के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दुख की इस घड़ी में परिवारजनों से मुलाक. ात कर उन्हें सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को काशीपुर के जैतपुर घोषी पहुंचकर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के ताऊजी सरदार अमरजीत सिंह चीमा के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# इंद्रौली काली माता मंदिर में उमड़ी आस्था

■ **हजारों श्रद्धालुओं ने टेका माथा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** तहसील क्षेत्र के इंद्रौली गांव स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में जेठ माह के दूसरे रविवार को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से गुलजार रहा। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

जौनसार-बावर, रवाई और जौनपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। "जय काली माता" के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के लिए मंदिर में लंबी कतारें लगी रहीं, बावजूद इसके श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति, स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के लिए ग्रामीण पूरे दिन व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

धार्मिक आयोजन के दौरान क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति और लोक आस्था की अनूठी छटा भी देखने को मिली। कार्यक्रम में दिनेश चौहान, नरेश सिंह, भगत सिंह, मंदिर पुजारी संजय जोशी, वजीर टीकम सिंह, देव माली कुंवर सिंह, मोहर सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह और बलदेव सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पर्यटकों से सराबोर हुई पहाड़ों की वादियां

■ **मौसम ने दिलाई गर्मी से राहत**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहाड़ों की ओर उमड़ पड़े।

चकराता और आसपास के पर्यटन स्थलों पर दिनभर सैलानियों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। ठंडी हवाओं, बादलों से ढकी पहाड़ियों और हरियाली से भरपूर प्राकृतिक नजारों ने यहां पहुंचे पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुबह से ही क्षेत्र का मौसम बेहद सुहावना बना रहा। आसमान में बादलों की आवाजाही और चल रही ठंडी बयार ने वातावरण को और अधिक खुशनुमा बना दिया। ऐसे में परिवारों, युवाओं और दोस्तों के समूहों ने पहाड़ी वादियों में पहुंचकर छुट्टियों का जमकर आनंद लिया। प्रमुख पर्यटन स्थलों, बाजारों और होटल-रेस्टोरेंट्स में दिनभर रौनक बनी रही। प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध टाइगर फॉल में सबसे अधिक पर्यटक पहुंचे। झरने के ठंडे पानी और आसपास फैली हरियाली के बीच लोगों ने खूब समय बिताया। कई पर्यटक यहां फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करते नजर आए, जबकि बच्चों और युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला।

इसके अलावा देवबन, कोटी कनासर, सनराइज प्वाइंट और सनसेट प्वाइंट जैसे स्थानों पर भी दिनभर सैलानियों की आवाजाही बनी रही। देवदार के घने जंगलों और बादलों से घिरी पहाड़ियों के बीच पर्यटकों ने प्राकृतिक दृश्यों का भरपूर आनंद लिया। शाम के समय सनसेट प्वाइंट पर डूबते सूरज का नजारा देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

स्थानीय बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई। होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट्स में पर्यटकों की भीड़ से कारोबारियों के चेहरे खिले नजर आए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पर्यटन स्थलों पर साफ-सफाई, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है। उनका कहना है कि बढ़ती पर्यटक संख्या को देखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाना जरूरी है, ताकि बाहर से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## 103 अवैध होमस्टे का पंजीकरण निरस्त

**देहरादून।** राजधानी में कानून-व्यवस्था को ताक पर रखकर चल रहे अवैध होमस्टे के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ा हंटर चलाया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर गठित 5 मजिस्ट्रेट टीमों ने जिले में ताबड़तोड़ 153 निरीक्षण किए, जिसमें मानकों के विपरीत संचालित पाए गए 103 होमस्टे का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। इन सभी को पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से भी हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन ने यह कार्रवाई तीन चरणों में (17, 79 और 7) की है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जांच में सामने आया कि शहरी रसूखदारों और बाहरी लोगों ने होमस्टे योजना की मूल भावना (स्थानीय संस्कृति व रोजगार को बढ़ावा देना) को खत्म कर इन्हें शहोटलश का रूप दे दिया था। ये इकाइयां खुद मालिकों द्वारा न चलाकर भारी-भरकम लीज पर दी गई थीं। इन कथित होमस्टे में नियमों की धज्जियां उड़ाकर रात भर अवैध बार और लाउड डीजे चलाए जा रहे थे। बिना सत्यापन के उपद्रवियों को ठहराने के कारण शहर में नशे की हालत में हुड़दंग, ओवरस्पीडिंग और खुलेआम फायरिंग की घटनाएं बढ़ गई थीं, जो स्थानीय जनता की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुकी थीं। प्रशासनिक जांच में इन होमस्टे की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। कई जगह न तो रसोई मिली और न ही आग बुझाने के लिए अग्निशमन उपकरण थे। अधिकांश के पास फूड लाइसेंस तक नहीं था। हद तो यह है कि कई होमस्टे में विदेशी नागरिकों को ठहराने के बावजूद सुरक्षा के लिहाज से अनिवार्य शसी-फॉर्मश की जानकारी भी प्रशासन से छिपाई गई।

**एक नजर .......**

## फल एवं शाक-भाजी सहकारी समिति चकराता के चुनाव संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** फल एवं शाक-भाजी क्रय विक्रय सहकारी समिति चकराता के संचालक मंडल के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर ग्राम कैतरी निवासी महावीर सिंह निर्वाचित हुए, जबकि उपाध्यक्ष पद पर मुकेश चौहान ने जीत दर्ज की। इसके अलावा संचालक मंडल के लिए प्रेम सिंह, सुरेश सिंह, चमको देवी, नारायण चन्द, चंदराम, सुप्रिया चौहान, नीलम रावत, आमिर सिंह एवं हर्ष कुमार यादव निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन प्रक्रिया को निर्वाचन अधिकारी योगेश कुमार एवं वरुण कौशिक द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समर्थकों ने शुभकामनाएं दीं।

## पुरानी कार्यकारिणी को फिर सौंपी गई जिम्मेदारी

**चकराता।** कचटा के खत कोरु की महत्वपूर्ण बैठक खत के सदर स्याणा सुनील जोशी की अध्यक्षता में मंदिर प्रांगण कचटा में संपन्न हुई। बैठक में चालदा महाराज के खत कोरु आगमन एवं देव जागड़े को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान श्र)ालुओं द्वारा देव जागड़े में भारी आस्था व्यद्र करते हुए तीन लाख रुपये से अधिक की नकद भेंट अर्पित की गई। बैठक में बजीर कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि भद्रों द्वारा चढ़ाई गई नकद भेंट का प्रारंभिक लेखा-जोखा तीन लाख रुपये से अधिक का है। वहीं मंदिर परिसर के समीप रखे गए दान पात्र पूरी तरह भर चुके हैं, जिन्हें अभी खोला नहीं गया है। ऐसे में कुल भेंट राशि एवं अन्य अर्पण का अंतिम आंकड़ा बाद में सार्वजनिक किया जाएगा। बैठक में चालदा महाराज के प्रस्तावित यमुना स्नान कार्यक्रम को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर खत कोरु के सदर स्याणा सुनील जोशी, मंदिर समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान, पूरन सिंह खन्ना, बारु सिंह, अमर सिंह, श्याम सिंह राठौड़, स्वराज सिंह, सूरत सिंह, राजेंद्र दत्त शर्मा, सरदार सिंह, केसर सिंह, राजेंद्र सिंह चौहान, विरेंद्र सिंह, संसार सिंह, हाकम सिंह, प्रीतम सिंह, सुभाष जोशी, संतराम चौहान, रणवीर सिंह, भारत चौहान, बहादुर सिंह, डक्क शमशेर सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल राठौर, सुल्तान सिंह, गोविंद सिंह, गामा सिंह, सुनील चौहान, बबलू शर्मा सहित बड़ी संख्या में खतवासी उपस्थित रहे।

## 20 हजारी गैंगस्टर शाहजहांपुर से गिरफ्तार

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे शऑपरेशन प्रहारश के तहत दून पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना रानीपोखरी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित और घ्20हजार के इनामी बदमाश मोहन लाल उर्फ चपेटा को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से गिरफ्तार कर लिया है।अभियुक्त के खिलाफ देहरादून की स्पेशल गैंगस्टर कोर्ट से वारंट जारी था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार फरार चल रहा था, जिसके बाद एसएसपी ने उस पर घ्20 हजार का इनाम घोषित किया था। रानी पोखरी पुलिस गैंगस्टर अधिनियम के तहत वांछित अभियुक्त मोहन लाल (35 वर्ष) पुत्र छोटे लाल, निवासी ईशापुर (थाना निगोई, जिला शाहजहांपुर, उ०प्र०) की तलाश में पुलिस टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। शनिवार (23 मई) को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शाहजहांपुर के ईशापुर क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

## पुलिस, सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा

**देहरादून।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2026 रविवार को जनपद में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो गई। परीक्षा को लेकर दून पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के बाद सभी 32 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिसके चलते पूरी परीक्षा प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था चाक-चौबंद रही। परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों को सुरक्षा के कड़े मानकों से गुजरना पड़ा। केंद्रों पर तैनात पुलिस बल द्वारा सभी अभ्यर्थियों की प्रॉपर चेकिंग और फ्रिस्किंग की गई, जिसके बाद ही उन्हें केंद्र के भीतर जाने की अनुमति दी गई। पुलिस टीमों ने परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर होने वाली हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी। अधिकारियों ने खुद विभिन्न परीक्षा केंद्रों का ताबड़तोड़ निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी गई कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

**उत्तरकाशी।** उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन की जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन हित में मजबूती से कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन की ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर आर-पार के संघर्ष का भी एलान किया। रविवार को विकास भवन लदाड़ी स्थित जिला पंचायत सभागार में आयोजीत अधिवेशन के प्रथम सत्र का उद्घाटन क्षेत्रीय राज्य मंत्री एवं राज्य औषधि बोर्ड के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) प्रताप पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश बहुगुणा, प्रांतीय महामंत्री राकेश रावत तथा कर्मचारी-शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष अजय रावत ने मिनिस्ट्रीयल संवर्ग की प्रमुख समस्याएं राज्यमंत्री के समक्ष उठाईं तथा मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में कनिष्ठ सहायक की शैक्षिक योग्यता स्नातक किए जाने, पुरानी पेंशन बहाल करने समेत 17 मांगें शामिल रहीं। राज्य मंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। द्वितीय सत्र में हुए निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर पुन: अजय रावत, महामंत्री पद पर जयप्रकाश गौड़, कोषाध्यक्ष पद पर अनिल रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रभात चौहान तथा संयुक्त सचिव पद पर विष्णु भट्ट सहित सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं जयप्रकाश बिजल्वाण को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रेम सिंह पंवार, नत्थी सिंह रावत, वीरेंद्र पंवार, राकेश रमोला, जनक बिष्ट, बलवंत असवाल, रमेश बिष्ट, श्रीराम गोपाल पंवार, विजय पयाल, भूपेंद्र बिष्ट, उत्तम राम, यशपाल राणा आदि उपस्थित रहे।

# आईशा मस्जिद के इमाम साहब ने कुर्बानी की अहमियत पर डाली रोशनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** आईशा मस्जिद प्रतीतपुर धर्मावाला के इमाम मौलाना अरशद रशीदी ने अपने बयान में आने वाली मुबारक ईद-उल-अजहा के फजाइल व कुर्बानी की अहमियत और इस्लामी तालीमात पर तफसील से रौशनी डाली।



मौलाना रशीदी ने कहा कि ईद-उल-अजहा सिर्फ खुशी मनाने का दिन नहीं बल्कि हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की बे-मिसाल कुर्बानी, सब्र और अल्लाह की फरमांबरदारी की यादगार है। अल्लाह तआला ने हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम को खव्वाब में अपने बेटे को कुर्बान करने का हुक्म दिया, और उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के अल्लाह के हुक्म को मान लिया। इसी तरह हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम ने भी अपने वालिद की इताअत और अल्लाह की रजा पर राजी होकर सब्र और फरमांबरदारी की ऐसी मिसाल पेश की जो कयामत तक इंसानियत के लिए रहनुमाई करती रहेगी।

■ **लोगों से सरकारी गाइडलाइन का ख्याल रखने की अपील की**

मौलाना अरशद रशीदी साहब ने कहा कि आज उम्मत को ईद-उल-अजहा के असली पैगाम को समझने की जरूरत है। कुर्बानी का मकसद सिर्फ जानवर जिबाह करना नहीं बल्कि अपने दिलों को तकवा, तहारत से लबरेज करना भी है और अल्लाह की रजा की निर्यात न हो तो सिर्फ रस्म अदायगी का कोई फायदा नहीं। अल्लाह तआला हम सबकी निय्यतो को दुरस्त करनें की तोफीक आता फरमाए।

उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि ईद-उल-अजहा के मौके पर गरीबों, यतीमों, मजलूमों और जरूरतमंदों का खघस खघ्याल रखें। कुर्बानी के गोश्त में उनका हिस्सा भी रखें ताकि ईद की खुशियाँ हर घर तक पहुँच सकें।

उन्होंने नोजवानो से अपील की है कि कुर्बानी के जानवरों की कुर्बानी के वक्त वीडियो वगैरह ना बनायें और यह भी कहा कि कुर्बानी करनें के लिये परदे की जगहों का इन्तिखाब करे ओर जो गन्दगी हो उसको खड्डा खोद कर दफन कर दिया जाये, रास्ते में कुर्बानी ना करें ताकि आने जाने वाले लोगों को हमारे इस अमल से कोई तकलीफ ना होनी चाहिए ओर सरकार की गाइडलाइन का भी ख्याल रखें। नमाज रास्ते में ना पढ़ें ओर हर ऐतबार से अमन व भाई चारा बनायें रखनें में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें ताकि अमन व सलामती बाकी रह सके।

# वनाग्नि रोकथाम को लेकर अलर्ट मोड में रुद्रप्रयाग वन विभाग



■ **मुख्य वन संरक्षक डॉ विनय भार्गव ने परखी तैयारियां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जनपद में बढ़ती गर्मी के बीच वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रुद्रप्रयाग वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। वनाग्नि रोकथाम व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से जनपद के लिए नामित वनाग्नि नोडल अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने रुद्रप्रयाग वन प्रभाग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. भार्गव ने जखनी क्रू स्टेशन तथा अगस्त्यमुनि स्थित मॉडल क्रू स्टेशन पहुंचकर वनाग्नि नियंत्रण से जुड़े संसाधनों, उपकरणों एवं कार्मिकों की तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मास्टर कंट्रोल रूम मॉनिटरिंग सिस्टम और मोबाइल ऐप के माध्यम से चिन्हित सक्रिय वनाग्नि स्थलों की रियल टाइम निगरानी व्यवस्था का भी अवलो. कन किया।

इस दौरान उन्होंने परिचालन सुरक्षा, फील्ड स्टाफ की उपलब्धता, संसाधनों के त्वरित मोबिलाइजेशन, कार्मिकों की दक्षता एवं वनाग्नि सीजन से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेखों की विस्तार से समीक्षा की। मौके पर संचालित फील्ड ऑपरेशनों का विश्लेषण करते हुए उन्होंने वन कर्मियों को वनाग्नि की घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देने और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान वनाग्नि हॉटस्पॉट्स की स्थिति, ड्रोन सर्वेक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने, आग की शीघ्र पहचान के लिए लीड टाइम कम करने तथा प्रवर्तन एवं रिस्पॉन्स तंत्र को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. भार्गव ने कहा कि वनाग्नि रोकथाम में तकनीकी संसाधनों के साथ-साथ फील्ड स्तर पर त्वरित कार्रवाई और सतत निगरानी बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए तथा स्थानीय समुदायों को भी वनाग्नि रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि जंगलों को आग की घटनाओं से सुरक्षित रखा जा सके।

निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी राजत सुमन, उप प्रभागीय वनाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यमुना स्नान यात्रा की तैयारियों पर भी बनी रूपरेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** कचटा के खत कोरु की महत्वपूर्ण बैठक खत के सदर स्याणा सुनील जोशी की अध्यक्षता में मंदिर प्रांगण कचटा में संपन्न हुई। बैठक में चालदा महाराज के खत कोरु आगमन एवं देव जागड़े को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा देव जागड़े में भारी आस्था व्यक्त करते हुए तीन लाख रुपये से अधिक की नकद भेंट अर्पित की गई। बैठक में बजीर कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि भक्तों द्वारा चढ़ाई गई नकद भेंट का प्रारंभिक लेखा-जोखा तीन लाख रुपये से अधिक का है। वहीं मंदिर परिसर के समीप रखे गए दान पात्र पूरी तरह भर चुके हैं, जिन्हें अभी खोला नहीं गया है। ऐसे में कुल भेंट राशि एवं अन्य अर्पण का अंतिम आंकड़ा बाद में सार्वजनिक किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष बारु चौहान ने बताया कि देव डोरिया के आगमन एवं जागड़े पर्व के आयोजन हेतु खत क्षेत्र के लोगों द्वारा सहयोग स्वरूप लगभग 64 लाख रुपये मूल्य की सामग्री एवं धनराशि एकत्रित की गई। इसी सहयोग से विशाल भंडारे सहित अन्य व्यवस्थाएं सफलतापूर्वक संचालित की गईं। बैठक में चालदा महाराज के प्रस्तावित यमुना स्नान कार्यक्रम को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर खत कोरु के सदर स्याणा सुनील जोशी, मंदिर समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान, पूरन सिंह खन्ना, बारु सिंह, अमर सिंह, श्याम सिंह राठौड़, स्वराज सिंह, सूरत सिंह, राजेंद्र दत्त शर्मा, सरदार सिंह, केसर सिंह, राजेंद्र सिंह चौहान, विरेंद्र सिंह, संसार सिंह, हाकम सिंह, प्रीतम सिंह, सुभाष जोशी, संतराम चौहान, रणवीर सिंह, भारत चौहान, बहादुर सिंह, डॉ. शमशेर सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल राठौर, सुल्तान सिंह, गोविंद सिंह, गामा सिंह, सुनील चौहान, बबलू शर्मा सहित बड़ी संख्या में खतवासी उपस्थित रहे।

# बरोरी जंगल में भड़की आग पर सात घंटे बाद पाया काबू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** छावनी परिषद क्षेत्र के चिलमिरी ब्लॉक स्थित बरोरी के समीप शनिवार शाम जंगल में लगी भीषण आग को कड़ी मशक्कत के बाद देर रात बुझाया जा सका। आग ने देखते ही देखते जंगल के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब पांच बजे बरोरी क्षेत्र में सड़क से नीचे जंगल में अचानक आग भड़क उठी। तेज गर्मी और सूखी घास के कारण आग तेजी से फैलने लगी। आग की सूचना मिलते ही छावनी परिषद के वन कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। हालांकि आग बड़े क्षेत्र में फैल चुकी थी, जिसके चलते कर्मचारियों को कई घंटों तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

वन विभाग के कर्मियों ने लगातार प्रयास करते हुए करीब सात घंटे बाद रात 11 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया। फॉरेस्ट गार्ड हृदय सिंह ने बताया कि आग सूखी घास में लगी थी, जो गर्म मौसम के कारण तेजी से फैल गई।

■ **वन संपदा को हुआ भारी नुकसान**

उन्होंने कहा कि समय रहते सूचना मिलने से आग को और अधिक फैलने से रोक लिया गया। छावनी परिषद के प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रभारी फॉरेस्टर संदीप जोशी ने बताया कि सूचना मिलते ही कर्मचारियों को मौके पर भेज दिया गया था। कर्मचारियों ने देर रात तक अभियान चलाकर आग बुझाई। उन्होंने ग्रामीणों से जंगलों और घास के पास आग न लगाने की अपील करते हुए कहा कि छोटी लापरवाही भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है।

# होटल-ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर शिकंजा, 15 सिलेंडर जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग के खिलाफ पूर्ति विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। होटल, ढाबों और रेस्टोरेंटों में अवैध रूप से घरेलू गैस के इस्तेमाल की शिकायतों के बाद विभाग ने विशेष औचक चे. कंग अभियान चलाकर कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की।

जिला पूर्ति अधिकारी के०एस० को. हली के निर्देशन में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (एआरओ) रुद्रप्रयाग प्रेमबल्लभ सती के नेतृत्व में पूर्ति विभाग की टीम ने रुद्रप्रयाग-जवाड़ी बाईपास से लेकर सुमेरपुर क्षेत्र तक सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान कई होटल, ढाबों एवं रेस्टोरेंटों में घरेलू गैस सिलेंडरों का खुलेआम व्यावसायिक उपयोग पाया गया, जो नियमों के तहत पूरी तरह प्रतिबंधित है। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से कुल 15 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जब्त सिलेंडरों को नियमानुसार हरियाली देवी गैस सर्विस, रुद्रप्रयाग के सुपुर्द कर दिया गया है।



■ **अवैध उपयोग करने वालों पर होगी एफआईआर, जनपदभर में लगातार चलेगा सघन अभियान, रुद्रप्रयाग में पूर्ति विभाग की बड़ी कार्रवाई**

एआरओ प्रेमबल्लभ सती ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग कानूनन अपराध है और विभाग इस तरह की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि जनपदभर में आगे भी औचक निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने होटल, ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देशित किया कि वे केवल वैध व्यावसायिक गैस कनेक्शन का ही उपयोग करें। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कोई भी प्रतिष्ठान घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अभियान में पूर्ति निरीक्षक चंद्रमोहन बारमोला, हिमांशु रावत, कैलाश पूरी, सूरज, माणिक चंद्र सहित पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## दसवीं व 12वीं के मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

# शिक्षा व संस्कार ही युवाओं को ऊंचाई तक ले जाते हैंः भट्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित "उड़ान ख्र सफलता का सम्मान" कार्यक्रम रुड़की में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रुड़की विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 10वीं एवं 12वीं कक्षा के टॉप-3 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में भाजपा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने भी विशेष रूप से सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान महेंद्र भट्ट ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही युवाओं को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाते



हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि युवा प्रतिभाओं का सम्मान करना समाज और राष्ट्र के

### ❖ युवा प्रतिभाओं का सम्मान करना राष्ट्र के उज्जवल भविष्य में निवेश करना : बत्रा

उज्ज्वल भविष्य में निवेश करने जैसा है। उन्होंने कहा कि "उड़ान" जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को नई प्रेरणा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। मंत्री प्रदीप बत्रा ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान देना और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और गर्व साफ दिखाई दिया।

# भड़ाना ने किया किंजन वॉटर प्लांट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर में किंजन वॉटर प्लांट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर मौजूद विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने साफ किया कि यह आयोजन गैर-राजनीतिक है। नेताओं ने कहा हम सभी यहां सिर्फ उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए हैं। यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है। सभी ने किंजन वॉटर की नई मशीन लगाए जाने पर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं का कहना था कि यह वॉटर प्लांट लोगों की सेहत के लिए वरदान साबित हो रहा है। बताया गया कि इस तकनीक को जापान से हायर किया गया है। इस दौरान डॉ संजय नाज़ान ने बताया कि किंजन वॉटर स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी लाभकारी है। जापानी तकनीक पर आधारित यह पानी बीमारियों से बचाव में मददगार है। वही करतार सिंह भड़ाना ने भी प्लांट मंगलौर के लोगों के लिए बड़ी सौगात बताई है। शुद्ध पानी हर घर की जरूरत है और इससे क्षेत्र का विकास होगा। ऑनर शहजाद एडवोकेट ने बताया हमारा मकसद लोगों को विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाला पानी देना है। जापान की तकनीक से तैयार किंजन वॉटर सेहत के लिए बेहतरीन विकल्प है।

## महमूदपुर में जल निकासी समस्या के समाधान के लिए

# फुरकान विधायक ने नाला निर्माण व नदी किनारे पैचिंग कार्य का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विधानसभा क्षेत्र के महमूदपुर में जल निकासी की समस्या के समाधान और रतमऊ नदी से हो रहे कटाव को रोकने के लिए शनिवार को विधायक हाजी फुरकान अहमद ने नाला निर्माण एवं नदी किनारे पैचिंग कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार जताया।

विधायक फुरकान अहमद ने बताया कि महमूदपुर क्षेत्र में लंबे समय से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नाले के निर्माण के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध नही थी जिस पर उन्होंने क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों के सहयोग से निजी भूमि खरीदकर निर्माण कार्य शुरू कराया है।उन्होंने बताया कि रतमऊ नदी के तेज बहाव से महमूदपुर क्षेत्र में किसानों की भूमि का लगातार कटाव हो रहा था जिससे ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ रहा था। समस्या को देखते हुए देवी आपदा मद के तहत सिंचाई विभाग की ओर से नदी किनारे पैचिंग कार्य भी शुरू कराया गया है। इससे कटाव पर रोक लगाने में मदद मिलेगी और ग्रामीणों को राहत मिलेगी।इस मौके पर डॉ. शहजाद अली, मोहसिन सिद्दीकी, कल्लू त्यागी, अहसान ठेकेदार, इमरान, नवीस अहमद, शहजाद, डॉ. पप्पू, महबूब, जरीफ



और सुहैल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

## बकरा ईद को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को सीओ ने की जिम्मेदारों से वार्ता

# भाईचारे से मिलजुलकर मनाएं त्यौहारः चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** आगामी ईद-उल-अजहा बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को कोतवाली परिसर में सीओ मंगलौर अभिनय चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

जानकारी के अनुसार बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। गोष्ठी के दौरान सीओ अभिनय चौधरी ने सभी से त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सीओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट साझा कर अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही बैठक में नागरिकों से नशे की तस्करी में लिप्त आपराधिक तत्वों की



जानकारी भी पुलिस को देने का आग्रह किया गया। पुलिस प्रशासन ने त्योहार के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का भरोसा दिलाया।

# चैंपियन ने किया अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ने कई भाजपाइयों के साथ लक्सर पहुचकर अन्य पिछड़ा आयोग के नवनियुक्त सदस्य साधुराम को मुकुट व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर निवर्तमान विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौम्पियन ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पार्टी समर्पित जमीन से जुड़े लोकप्रिय नेता साधुराम को अन्य पिछड़ा आयोग का सदस्य बनाकर लक्सर खानपुर क्षेत्र की जनता को बड़ा सम्मान दिया है। इससे भाजपा को अब और अधिक मजबूती मिलेगी।

नवनियुक्त सदस्य साधुराम ने मुख्यमंत्री ओर पार्टी प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पर खरा उतरने का काम करेगे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य गोपाल कुंडीवाल, शिवम कश्यप, मास्टर



कुशल पाल सैनी आदि दर्जन पर भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय रोड पर बंद स्ट्रीट लाइटों से राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** केंद्रीय विद्यालय रोड पर स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद होने के कारण क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम ढलते ही लोग इस मार्ग पर टहलने निकलते हैं, लेकिन रात बढ़ते ही स्थिति असुरक्षित और दहशत से भरी हो जाती है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार रात 8 बजे के बाद इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है। वाहनों की रोशनी भी पर्याप्त नहीं होती, जिससे सड़क पर दृश्यता बेहद कम हो जाती है। इसके कारण भंगेड़ी और आसपास के क्षेत्रों की ओर जाने वाले लोग मजबूरी में लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाते हैं, जिससे समय और ईंधन दोनों का अतिरिक्त खर्च बढ़ रहा है। वार्ड नंबर-4 खंजरपुर में स्थिति और गंभीर है। भंगेड़ी गांव के तिराहे से लेकर कब्रिस्तान तक सड़क किनारे लगी करीब 8 स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं और केवल शोपीस बनकर रह गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभाग ने समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया है। रात के समय यह पूरा मार्ग पूरी तरह सुनसान हो जाता है, जिससे महिलाओं, बच्चों, छात्राओं और बुजुर्गों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने और क्षेत्र में पर्याप्त रोशनी बहाल करने की मांग की है।

# बकरीद से पहले कुर्बानी के जानवरों की खरीदारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार नजदीक आते ही कुर्बानी के जानवरों की खरीदारी अब पारंपरिक मंडियों के साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन कृषि प्लेटफॉर्म पर भी तेजी पकड़ने लगी है। पिरान कलियर, रुड़की, मंगलौर, भगवानपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में बाजारों और अस्थायी मंडियों में रौनक बढ़ गई है। 28 मई को मनाए जाने वाले पर्व के मद्देनजर ईद का चांद दिखाई देने के बाद से बकरे समेत अन्य जानवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। यूपी के गागलहेड़ी जिला सहारनपुर की मंडी में भी बड़ी संख्या में खरीदारी शुरू हो गई है। व्यापारी अजीम कुरैशी, शफीक कुरैशी, सईद कुरैशी, नफीस, मेहरबान, साजिद, कल्लू पहलवान और इकबाल ने बताया कि इस बार कुर्बानी के जानवरों की कीमत पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। बाजार में राजस्थानी और देशी नस्ल के बकरों की ज्यादा मांग है। जानवरों की कीमत उनकी सुंदरता और वजन के आधार पर तय की जा रही है। बाजार में बकरे 15 हजार से 50 हजार रुपये तक बिक रहे हैं, जबकि भैंस आदि बड़े जानवरों की कीमत 50 हजार से एक लाख रुपये तक पहुंच गई है। व्यापारियों के अनुसार शरीयत में सात लोग मिलकर एक बड़े जानवर में हिस्सा ले सकते हैं, जिससे खर्च कम हो जाता है। वहीं अब लोग सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए सीधे किसानों से संपर्क कर उचित दाम पर जानवर खरीदने का प्रयास कर रहे हैं। मौलाना दानिश कासमी ने कहा कि कुर्बानी में दिखावा नहीं बल्कि इंसान की नीयत और इबादत अहम होती है। उन्होंने लोगों से अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार कुर्बानी करने की अपील की है।

# प्रचंड गर्मी से रोडवेज की आय पर पडा असर

**रुड़की।** भीषण गर्मी का असर अब रोडवेज संचालन और आसपास के कारोबार पर पड़ने लगा है। लगातार बढ़ते तापमान से बसों में यात्रियों की संख्या तेजी से घट रही है जिससे रोडवेज की आय प्रभावित हो रही है। हालत यह है कि चालक और परिचालक यात्रियों को मनाकर और सुविधाओं का भरोसा देकर बसों में बैठाने को मजबूर हैं। यात्रियों की कमी के चलते कई बसें निर्धारित समय से देरी से चल रही है। रोडवेज बस अड्डे पर चालक सुभाष कुमार ने बताया कि दोपहर के समय यात्री घरों से निकलने से बच रहे हैं। कई बार बसें आधी खाली ही रवाना करनी पड़ती है। वहीं परिचालक इरफान अली ने कहा कि यात्रियों को सीट उपलब्ध होने की जानकारी देकर उन्हें बस में बैठाने का प्रयास करना पड़ रहा है। इसके बावजूद पहले जैसी भीड़ नहीं मिल रही। सहायक महाप्रबंधक अमिता सैनी ने बताया कि गर्मी से यात्रियों की संख्या में कमी आई है जिससे आय पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए बस अड्डों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बसों का संचालन नियमित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

## सिविल अस्पताल में पहुंच रहे डिहाइड्रेशन के मरीज

**रुड़की।** भीषण गर्मी और तेज धूप का असर अब लोगों की सेहत पर दिखाई देने लगा है। पिछले कुछ दिनों से बढ़ते तापमान के चलते सिविल अस्पताल में डिहाइड्रेशन, उल्टी, चक्कर और कमजोरी की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना लगभग 20 से अधिक डिहाईड्रेशन के मरीज पहुंच रहे हैं। सिविल अस्पताल के डॉ॰ मशरूफ अली ने बताया कि भीषण गर्मी से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। शनिवार को उनकी ओपीडी में 151 मरीज पहुंचे। इनमें करीब 20 मरीज डिहाइड्रेशन के थे। डॉ॰ ने बताया कि अधिकतर मरीजों में डिहाइड्रेशन, उल्टी, चक्कर और कमजोरी की शिकायत देखने को मिली है। बताया कि इससे पहले डिहाइड्रेशन से तीन लोगों की अधिक तबीयत खराब होने की वजह से उनको भर्ती भी करना पड़ा। बताया कि दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के संपर्क में आने से लोगों की तबीयत ज्यादा बिगड़ रही है। उन्होंने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। कहा कि बिना जरूरी काम के दोपहर में घर से बाहर निकलने से बचें।

# मुआवजे की मांग को लेकर जनजीवन अस्पताल में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जेल के सामने स्थित जनजीवन अस्पताल में गर्भवती महिला के ऑपरेशन के बाद मुआवजा नहीं दिए जाने से नाराज परिजनों एवं ग्रामीणों ने रविवार को जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जल्द मुआवजा नहीं मिलने पर अस्पताल के बाहर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

जानकारी के अनुसार सलेमपुर निवासी राजकुमार 13 मई को अपनी पत्नी मोनी की तबीयत खराब होने पर उसे जनजीवन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि अल्ट्रासाउंड के बाद डॉक्टरों ने गर्भ खराब होने की बात कहकर तत्काल ऑपरेशन की सलाह दी। उसी दिन महिला का ऑपरेशन किया गया और तीन दिन बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

परिजनों का आरोप है कि घर पहुंचने के कुछ दिन बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद उसे दोबारा अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। हालत ज्यादा खराब होने पर परिजनों ने महिला को हरिद्वार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया कि 21 मई को दलित नेता योगेश कुमार के नेतृत्व में परिजन अस्पताल पहुंचे थे और हंगामा किया था। उस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने महिला के उपचार का खर्च उठाने का आश्वासन दिया था।आरोप है कि आश्वासन के बावजूद अब तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया। इससे नाराज योगेश कुमार और परिजन रविवार को फिर अस्पताल पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। दलित नेता योगेश कुमार ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मुआवजा नहीं दिया गया तो अस्पताल के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं इस संबंध अस्पताल की ओर से अपना कोई पक्ष नहीं रखा गया है अगर वह अपना पक्ष मीडिया के समक्ष रखेंगे तो हम उसे सार्वजनिक करेंगे।

# परिवर्तित मार्ग से चलेंगी जनता एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लखनऊ मंडल में पूर्व नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 22 से 30 जून तक ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान गौरा, सुवंसा, निभापुर और जंघई रेलवे स्टेशनों पर प्री एनआई और एनआई कार्य किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि इस अवधि में बनारस-देहरादून जनता एक्सप्रेस समेत कुल आठ ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। ट्रेन संख्या 15119 बनारस-देहरादून जनता एक्सप्रेस 23 से 27 जून तक जंघई-फाफामऊ-मां बेहला देवी प्रतापगढ़ मार्ग से तथा 28 से 30 जून तक बनारस-प्रयागराज जंक्शन-मां बेहला देवी प्रतापगढ़ मार्ग से संचालित होगी। 15120 देहरादून-बनारस एक्सप्रेस 22 से 26 जून तक मां बेहला देवी प्रतापगढ़-फाफामऊ-जंघई मार्ग से तथा 27 से 29 जून तक प्रयागराज जंक्शन-प्रयागराज रामबाग मार्ग से चलेगी। इसके अलावा 13005 हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस और 13006 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस भी वैकल्पिक मार्गों से संचालित होंगी, जबकि 12355 पटना-जम्मूतवी और 12356 जम्मूतवी-पटना एक्सप्रेस की सेवाएं भी विभिन्न तिथियों में बदले मार्ग से चलेंगी।

# जमीअत-उलेमा-ए-हिंद ने लगाया निःशुल्क जन सेवा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** जमीअत उलमा-ए-हिंद की ओर से रविवार को महमूदपुर रोड वार्ड नंबर एक में निशुल्क जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन मौलाना दानिश कासमी की निगरानी में किया गया। कार्यक्रम में लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, ई-श्रम कार्ड और पहचान पत्र समेत कई सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गई। शिविर में करीब 130 लोगों ने पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाया।मौलाना दानिश कासमी ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना है।

जमीअत उलमा-ए-हिंद के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी पिरान कलियर क्षेत्र में इसी तरह के निशुल्क शिविर आयोजित



किए जाते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।इस अवसर पर मौलाना उमैर, मौलाना साजिद, इमरान , दानिश साबरी, मोहम्मद शोकीन, साकिब अली मौजूद रहें।

## भीषण गर्मी में चरमराई विद्युत व्यवस्था को पटरी पर लाने को

# मंगलौर विधायक व नपा चेयरमैन ने की अधिकारियों से वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** भीषण गर्मी के चलते मंगलौर क्षेत्र में चरमराई विद्युत व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए मंगलौर विधायक ने देहरादून जाकर विद्युतीकरण को लेकर अधिकारियों से गहन वार्ता की। वार्ता के बाद मंगलौर की जनता को तत्काल राहत देने के उद्देश्य से रविवार को नगर के मोहल्ला पठानपुरा गड्ढे वाली कॉलोनी में नई विद्युत लाइन बिछाने का कार्य शुरू करा दिया गया।

कार्य शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के सभासदों के साथ पालिका अध्यक्ष मोहयउद्दीन अंसारी भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि एक सप्ताह के भीतर मंगलौर की विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार कर दिया जाएगा। पालिका अध्यक्ष अंसारी ने बताया कि बिजली संकट से स्थायी निजात दिलाने के लिए नगर में 4 नए आधुनिक ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे। इससे वोल्टेज की समस्या और बार-बार ट्रिपिंग से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा मेरा और माननीय विधायक जी का यही लक्ष्य है कि मंगलौर की सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द सुधारा जाए। जनता को गर्मी में बिजली की परेशानी न हो, इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। वही स्थानीय लोगों ने विधायक और पालिका अध्यक्ष की इस पहल का स्वागत किया है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि नए ट्रांसफार्मर और लाइन बिछने से इस बार गर्मी में बिजली कटौती से राहत मिलेगी।



**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**इस्लाम अंसारी**
**संवाददाता मो. नं.** 9368942735, 9759860322
**विनित भैया**
**संवाददाता मो. नं.** 9837277814

